अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

15 DEC. 2023

USEFUL FOR

# IAS | PCS

& other civil services exams




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2023: 14 दिसंबर**




- हर साल 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है।
- यह दिन ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को ऊर्जा बचाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है।
- राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 1991 से 14 दिसंबर को मनाया जा रहा है।
- 2001 में, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया।
- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का आयोजन करता है।
- ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के प्रावधानों के तहत भारत सरकार द्वारा 1 मार्च 2002 को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की स्थापना की गई थी।

**2. आईआईटी मद्रास ने पानी से आर्सेनिक और धातु आयनों को हटाने के लिए 'अमृत' विकसित किया**



- 'अमृत' (भारतीय प्रौद्योगिकी द्वारा आर्सेनिक और धातु निष्कासन) नैनो-स्केल आयरन ऑक्सी-हाइड्रॉक्साइड का उपयोग करता है। जब इसमें से पानी गुजारा जाता है तो यह आर्सेनिक को हटा देता है।
- यह जल शोधक तकनीक घरेलू और सामुदायिक दोनों स्तरों के लिए विकसित की गई है।
- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 'स्थायी समिति' द्वारा जल एवं स्वच्छता से संबंधित सर्वोत्तम प्रौद्योगिकियों की जांच के लिए इस तकनीक की सिफारिश की गई है।
- सरकार सभी ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और पीने योग्य नल जल आपूर्ति प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- सरकार ने पेयजल आपूर्ति योजनाओं की योजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव के लिए जल जीवन मिशन (जेजेएम) शुरू किया था।

**3. केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 संसद में पारित हो गया**



- राज्यसभा ने 13 दिसंबर 2023 को विधेयक को मंजूरी दे दी। लोकसभा पिछले सप्ताह ही विधेयक को पारित कर चुकी थी।
- विधेयक केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन करेगा, जो विभिन्न राज्यों में शिक्षण और अनुसंधान के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करता है।
- विधेयक में तेलंगाना में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रावधान है।
- इसका नाम 'सम्मक्का सरक्का सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी' रखा जाएगा।
- यह मुख्य रूप से भारत की जनजातीय आबादी के लिए उच्च शिक्षा और अनुसंधान सुविधाओं के अवसर प्रदान करेगा।
- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के अनुसार, विश्वविद्यालय भारत के जनजातीय समुदायों से संबंधित मामलों पर शोध का केंद्र होगा।

**4. मर्सर के सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में हैदराबाद में 'जीवन की गुणवत्ता' सबसे अच्छी**



- मर्सर द्वारा जारी जीवन गुणवत्ता सूचकांक 2023 के अनुसार, भारत में 'जीवन की गुणवत्ता' के मामले में हैदराबाद शीर्ष स्थान पर है।

- जीवन गुणवत्ता सूचकांक 2023 में हैदराबाद को 153वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- भारत में पुणे की 'जीवन की गुणवत्ता' दूसरी सबसे अच्छी है। इसने मर्सर के जीवन गुणवत्ता सिटी सूचकांक में 154वां स्थान हासिल किया है।
- जीवन गुणवत्ता सूचकांक 2023 में वियना (ऑस्ट्रिया), ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड) और वैंकूवर (कनाडा) शीर्ष तीन शहर हैं।
- यह सूचकांक विदेश में काम करने वाले कर्मचारियों के जीवन की गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है। इसने दुनिया भर के 500 से अधिक शहरों से डेटा लिया है।

**5. केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से संसद सुरक्षा उल्लंघन घटना की जांच के आदेश दिए**



- संसद हमले की बरसी पर सुरक्षा फिर धराशायीः पन्नू की धमकी से पुलिस अलर्ट थी, फिर भी 5 लेयर सुरक्षा तोड़कर लोकसभा में घुसे प्रदर्शनकारी
- लोकसभा की कार्यवाही में घुसा शख्स सीटों पर भी कूदा। इससे सदन में अफरा-तफरी मच गई।
- संसद पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी पर (बुधवार को) लोकसभा में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब विजिटर्स गैलरी से 2 युवक अचानक नीचे कूद गए।
- लोकसभा सचिवालय के अनुरोध पर गृह मंत्रालय ने संसद सुरक्षा उल्लंघन घटना की जांच के आदेश दिए हैं।
- सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह के नेतृत्व में एक जांच कमेटी का गठन किया गया है।

**6. बीसीसीआई ने भारत के तेज गेंदबाज़ मोहम्मद शमी का नाम अर्जुन अवॉर्ड के लिए दिया**




- बीसीसीआई ने भारत के तेज गेंदबाज़ मोहम्मद शमी का नाम अर्जुन अवॉर्ड के लिए दिया है.
- बीसीसीआई ने खेल मंत्रालय से शमी के नाम की शिफारिश की है.
- वनडे वर्ल्ड कप 2023 में शमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे.
- मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड के बाद, अर्जुन अवॉर्ड खेल के क्षेत्र का भारत का दूसरा सबसे बड़ा अवॉर्ड है.

**7. फ्रांस में 'तिरुवल्लुवर' को समर्पित एक प्रतिमा का अनावरण किया**



- तमिलवासियों के बीच प्रतिष्ठित सांस्कृतिक प्रतीक तिरुवल्लुवर को समर्पित एक प्रतिमा का अनावरण फ्रांसीसी शहर सेर्गी में किया गया.
- इस पहल को एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक उपलब्धि माना जा रहा है.
- तिरुवल्लुवर एक प्रसिद्ध भारतीय कवि और दार्शनिक थे, जो 'तिरुक्कुसांग' (Thirukkural) के लेखक थे.
- उन्हें आमतौर पर 'वल्लुवर' के नाम से जाना जाता है.

**8. साल 2023 के Google के टॉप ट्रेंडिंग एथलीट की लिस्ट जारी कर दी**




- साल 2023 के Google के टॉप ट्रेंडिंग एथलीट की लिस्ट जारी कर दी गयी है.
- इसमें क्रिकेटरों की बात करें तो भारतीय मूल के न्यूजीलैंड के क्रिकेट खिलाड़ी रचिन रवींद्र टॉप पर है.
- वहीं भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल टॉप 10 में जगह बनाने वाले इकलौते भारतीय क्रिकेटर है.
- 'प्रिंस ऑफ़ क्रिकेट' के नाम से मशहूर गिल ने 2023 में अपना पहला वनडे विश्व कप टूर्नामेंट खेला.

**9. टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि तक राज्यसभा से निलंबित कर दिया**



- टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन (Derek O'Brien) को उनके अभद्र व्यवहार के लिए संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि तक राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया है.
- राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में आसन के निर्देश की अवहेलना के लिए ओ'ब्रायन को निलंबित किया.
- राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने उन्हें सदन से निलंबित करने को लेकर एक प्रस्ताव पेश किया था.

**10. EXCON 2023 में वोल्वो कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (VOLVO CE) कंपनी ने देश का पहला इलेक्ट्रिक एक्सकेवेटर लॉन्च किया**



- देश का पहला ई- एक्सकेवेटर लॉन्च: 12 दिसंबर को EXCON 2023 में वोल्वो
- कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (VOLVO CE) कंपनी ने देश का पहला इलेक्ट्रिक एक्सकेवेटर लॉन्च किया है।
- यह 50 टन कुल वजन की श्रेणी में भारत का पहला इलेक्ट्रिक एक्सकेवेटर EC500 है।
- VOLVO EC500 की लॉन्चिंग के मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी (बाएं से दूसरे) और कंपनी के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।
- VOLVO CE कंपनी ने कॉम्पैक्ट EC55 इलेक्ट्रिक का नया मॉडल भी लॉन्च किया है, जिसे शहर निर्माण और फॉरेस्ट्री के लिए डिजाइन किया गया है
- अपनी बड़ी बैटरी के साथ यह 6 से 8 घंटे वर्किंग कर सकता है।
- इसके साथ दो इलेक्ट्रिक कॉम्पेक्टर DD40 और PT220 भी पेश किए गए।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 14 दिसंबर को ___ से मनाया जा रहा है।**
   (a) 1990
   (b) 1991
   (c) 1992
   (d) 1993
2. **निम्नलिखित में से किस आईआईटी ने पानी से आर्सेनिक और धातु आयनों को हटाने के लिए 'अमृत' विकसित किया है?**
   (a) आईआईटी कानपुर
   (b) आईआईटी मद्रास
   (c) आईआईटी दिल्ली
   (d) आईआईटी पटना
3. **संसद ने हाल ही में केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित किया है। यह विधेयक में संशोधन करेगा।**
   (a) केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2007
   (b) केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2008
   (c) केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009
   (d) केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2010
4. **मर्सर के सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में किस शहर में 'जीवन की गुणवत्ता' सबसे अच्छी है?**
   (a) पुणे
   (b) हैदराबाद
   (c) चेन्नई
   (d) जयपुर
5. **संसद हमले की 13 दिसम्बर, 2023 को कौनसी बरसी थी?**
   (a) 20 वीं
   (b) 21 वीं
   (c) 22 वीं
   (d) 25 वीं
6. **बीसीसीआई की ओर से किस क्रिकेटर के लिए 'अर्जुन अवार्ड' की शिफारिश की गयी है?**
   (a) शुभमन गिल
   (b) सूर्यकुमार यादव
   (c) श्रेयस अय्यर
   (d) मोहम्मद शामी
7. **हाल ही में किस देश में 'तिरुवल्लुवर' को समर्पित एक प्रतिमा का अनावरण किया गया?**
   (a) जर्मनी
   (b) फ्रांस
   (c) यूएसए
   (d) ब्राजील
8. **साल 2023 में गूगल के टॉप 10 ट्रेंडिंग एथलीटों की लिस्ट में इकलौते भारतीय क्रिकेटर कौन है?**
   (a) विराट कोहली
   (b) रोहित शर्मा
   (c) शुभमन गिल
   (d) मोहम्मद शामी
9. **टीएमसी के किस सांसद को संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि तक राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया?**
   (a) नुसरत जहां रूही
   (b) डेरेक ओ ब्रायन
   (c) अभिषेक बनर्जी
   (d) प्रसून बनर्जी
10. **EXCON 2023 में वोल्वो कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (VOLVO CE) कंपनी ने देश का पहला इलेक्ट्रिक एक्सकेवेटर को किसने लॉन्च किया है?**
   (a) नितिन गडकरी
   (b) अमित शाह
   (c) अनुराग सिंह ठाकुर
   (d) कोई नही

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (b) | (c) | (b) | (c) | (d) | (b) | (c) | (b) | (a) |